जिताऊ प्रत्याशी को ही मिलेगा टिकट: वेणुगोपाल

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव ने उत्तराखंड दौरे के पहले दिन रणनीति का खाका खींचा

देहरादून, मुख्य संवाददाता। आगामी 2027 के उत्तराखंड विधानसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस ने अपनी तैयारियों में धार देना शुरू कर दिया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने अपने दो दिवसीय उत्तराखंड दौरे के दौरान पार्टी की चुनावी रणनीति का खाका खींचा। देहरादून में वरिष्ठ नेताओं, राजनीतिक मामलों की कमेटी और विभिन्न फ्रंटल संगठनों के साथ मैराथन बैठक करते हुए वेणुगोपाल ने स्पष्ट किया कि पार्टी में टिकट का वितरण पूरी तरह से 'जिताऊ' उम्मीदवार के आधार पर होगा।

वेणुगोपाल ने कहा कि टिकट चयन की प्रक्रिया पारदर्शी होगी, जिसमें जिलाध्यक्ष से लेकर प्रदेश स्तर तक के नेताओं की राय ली जाएगी। हालांकि, उन्होंने जोर देकर कहा कि अंतिम निर्णय सर्वे और जनता की पसंद के आधार पर ही लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पार्टी ने तीन चरणों के सर्वे कराए हैं, जिसमें जनता बदलाव की इच्छुक नजर आ रही है। अब जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं और नेताओं की है कि वे इस बदलाव को हकीकत में बदलें।

वेणुगोपाल ने आपसी मतभेदों को दरकिनार कर एकजुटता के साथ चुनावी जंग लड़ने का स्पष्ट निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी एक बड़ा परिवार है, जहां छोटे-मोटे मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन चुनाव के समय सबको एक मंच पर आना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि आगामी पांच महीने पूरी तरह से पार्टी को समर्पित कर दें।

मंदिरों को भाजपा ने चंदा चोरी का जरिया बनाया: भाजपा पर तीखा हमला करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लिए मंदिर आस्था का केंद्र है, जबकि भाजपा ने इसे राजनीति और चंदा चोरी का जरिया बना लिया है। उन्होंने युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई और सेवा दल को निर्देश दिया कि वे जनता के बीच जाकर भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को बेनकाब करें। बूथ स्तर तक कमेटियों को सक्रिय करने और युवाओं व महिलाओं को बड़ी संख्या में पार्टी से जोड़ने का लक्ष्य भी तय किया गया है।

देहरादून में गुरुवार को आयोजित बैठक के दौरान अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल का स्वागत करते प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य और वरिष्ठ नेता डॉ. हरक सिंह रावत और प्रीतम सिंह। ● हिन्दुस्तान

अपनी-अपनी कमेटियों को सक्रिय करें

कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने कहा कि अंतिम छोर तक पहुंचने के लिए सभी फ्रंटल संगठनों और विंग अध्यक्षों को बूथ स्तर तक कमेटियों को सक्रिय करना होगा। उन्होंने युवाओं और महिलाओं को बड़े पैमाने पर पार्टी से जोड़ने की जिम्मेदारी सौंपी।

फ्लाइट में देरी पर कार से पहुंचे दून

मौसम खराब होने की वजह से वेणुगोपाल की दिल्ली में दो बार फ्लाइट का समय बदला। तब उन्होंने अंतिम समय में सड़क मार्ग से देहरादून पहुंचने का निर्णय लिया। इस दौरान जॉलीग्रांट एयरपोर्ट और रास्ते में उनके स्वागत के लिए खड़े कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जरूर मायूस होना पड़ा।

पहली बार वक्त से पहले सक्रिय दिख रही पार्टी

■ विनोद मुसान

देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा चुनाव 2027 के लिए अभी से ही राजनीतिक बिसात बिछनी शुरू हो गई है। लगातार दो बार सत्ता से दूर रहने के बाद कांग्रेस इस बार कोई भी जोखिम उठाने के मूड में नहीं है। पार्टी ने 'अर्ली बर्ड' रणनीति अपनाते हुए न केवल अपनी चुनावी तैयारियों को धार देना शुरू कर दिया है, बल्कि शीर्ष नेतृत्व की सीधी निगरानी में सक्रियता का एक नया ही रूप उत्तराखंड कांग्रेस का देखने को मिल रहा है।

पार्टी सूत्रों के अनुसार, भाजपा और कांग्रेस की ओर से अलग-अलग एजेंसियों से कराए गए आंतरिक सर्वे में कांग्रेस को प्रदेश में एक मजबूत विकल्प के रूप में उभरते हुए दिखाया गया है। इसी सकारात्मक रुझान को देखते हुए पार्टी का शीर्ष नेतृत्व उत्साहित है। पार्टी प्रभारी कुमारी शैलजा के लगातार उत्तराखंड दौरे इस बात की गवाही दे रहे हैं कि हाईकमान का स्पष्ट और कड़ा संदेश है कि चुनाव को लेकर किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रभार संभालने के बाद तीन वर्षों में तकरीबन तीन बार दौरा करने वाली शैलजा पिछले कुछ महीनों में उत्तराखंड के लगातार दौरे कर रही हैं। उनकी इस बढ़ी हुई सक्रियता ने भी कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार किया है।

> उत्तराखंड की जनता बदलाव का मन बना चुकी है और कांग्रेस पूरी मजबूती के साथ उनके संघर्षों की आवाज बनेगी। हम आपसी एकजुटता और जन-सरोकारों के मुद्दों पर आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाएंगे। इसकी झलक लोगों को दिखने भी लगी है।
> **-गणेश गोदियाल**, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष

उत्तराखंड के लगातार दौरे

'हम भाजपा के एक झूठ से हारे थे, अब ऐसा नहीं होगा'

■ पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक में बोले कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष

देहरादून, मुख्य संवाददाता। पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक में अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि वर्ष 2022 का चुनाव कांग्रेस भाजपा के एक झूठ से हारी थी, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। हमारे मतों में भिन्नता हो सकती है, लेकिन इस बार सभी साथियों का लक्ष्य 2027 में सरकार बनाना है।

नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि सरकार के पास भले ही सरकारी मशीनरी है, लेकिन हमारे पास कुशासन को बदलने का जज्बा है। इसी जज्बे के साथ हम आगे बढ़ेंगे। वहीं, चुनाव संचालन समिति के अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने पार्टी में शामिल होने वाले लोगों की बात रखी। उन्होंने कहा कि तमाम लोग पार्टी जॉइन करना चाहते हैं, हमें इस पर भी फोकस करना होगा।

चुनाव प्रबंधन समिति अध्यक्ष हरक सिंह रावत ने कहा कि जिलाध्यक्ष किसी नेता के नहीं, बल्कि पार्टी के प्रति निष्ठावान रहें। उन्होंने जिलाध्यक्षों की कार्यप्रणाली को जीत की बड़ी जिम्मेदारी बताया।

राजीव की प्रतिमा का किया माल्यार्पण

देहरादून। वेणुगोपाल ने कांग्रेस मुख्यालय भवन पहुंचकर परिसर में लगी पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान अध्यक्ष गोदियाल ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया।

इस मौके पर सह प्रभारी सुरेंद्र शर्मा, मनोज यादव, गोविंद सिंह कुंजवाल, काजी निजामुद्दीन, प्रदीप टम्टा, बिजेंद्र जाति, रवि बहादुर, महेंद्र पाल, करन माहरा, तिलक राज बेहड़, मदन बिष्ट, विक्रम नेगी, हरीश धामी, लखपत बुटोला, आदेश चौहान, राजीव महर्षि समेत सभी जिलाध्यक्ष और फ्रंटल संगठनों के अध्यक्ष मौजूद रहे।

राहुल गांधी दून में करेंगे छात्रों से संवाद

देहरादून, मुख्य संवाददाता। राजधानी देहरादून में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आगामी 17 जुलाई को प्रस्तावित दौरे को लेकर पीसीसी ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। कार्यक्रम का मुख्य केंद्रबिंदु छात्र और उनसे जुड़ी समस्याएं होंगी। सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस इस कार्यक्रम को कोटा मॉडल 'छात्रों की गूंज' की तर्ज पर आयोजित करने की तैयारी कर रही है।

राहुल गांधी का यह दौरा पूरी तरह से शिक्षा जगत की विसंगतियों पर केंद्रित रहने वाला है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, राहुल गांधी इस मंच से शिक्षा प्रणाली में व्याप्त खामियों, कोचिंग संस्कृति के कारण छात्रों पर पड़ रहे मानसिक दबाव और सरकारी परीक्षाओं में हो रही धांधली जैसे ज्वलंत मुद्दों को उठाएंगे। यह कार्यक्रम सीधे तौर पर राज्य के उन हजारों युवाओं से जुड़ने का प्रयास है, जो वर्तमान शिक्षा व्यवस्था और रोजगार के अवसरों को लेकर चिंतित हैं। पार्टी ने इस विशाल जनसंवाद कार्यक्रम के लिए देहरादून के परेड ग्राउंड को चुना है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, स्थान उपलब्ध कराने और आवश्यक अनुमति के लिए जिला प्रशासन को औपचारिक पत्र भेज दिया है। प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा है कि एक-दो दिन के भीतर कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा मीडिया के सामने साझा की जाएगी।

पिछले दौरे में मौसम बना था बाधा

राहुल गांधी का उत्तराखंड के प्रति विशेष लगाव रहा है। इससे पूर्व उनके प्रस्तावित दौरों में मौसम बाधा बना था। पिछली बार वे पंतनगर तो पहुंच गए थे, लेकिन खराब मौसम के कारण वे अल्मोड़ा की जनसभा और पौड़ी में सैनिकों के साथ प्रत्यक्ष संवाद नहीं कर पाए थे। उस समय उन्होंने फोन और वर्चुअल माध्यम से अपना संदेश पहुंचाया था। इस बार छात्र शक्ति के साथ सीधा संवाद होगा।

शिक्षा विभाग के पदोन्नत अफसरों को मिली तैनाती

देहरादून। शिक्षा विभाग में पदोन्नत सात अफसरों को नई तैनाती दे दी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी दफ्तर से अनुमति के बाद यह किया है। सीईओ कार्यालय पौड़ी से सुरेंद्र नेगी को डीडी प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय, टिहरी से पूनम चौहान को डीडी माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, चमोली से विनोद मटूड़ा को डीडी एसएसीईआरटी, चमोली से पंकज ग्वेती को डीईओ प्रारंभिक शिक्षा चमोली, हरिद्वार से अभिषेक शुक्ला को डीईओ माध्यमिक हरिद्वार पद पर भेजा गया है।

bida
उत्तराखण्ड
happy and Healthy Investment Destination

BUNDELKHAND INDUSTRIAL DEVELOPMENT AUTHORITY
First Floor, Block A, Kisan Bazar, Talpura, Jhansi, Uttar Pradesh - 284001

NOTICE INVITING EXPRESSION OF INTEREST (EOI)

Expression of Interest (EOI) is invited by the Bundelkhand Industrial Development Authority (BIDA) from eligible Architectural Firms for "Empanelment of Architectural Firms for upcoming projects in Bundelkhand Industrial Development Authority (BIDA), Jhansi, Uttar Pradesh".

The detailed scope of services, eligibility criteria, evaluation parameters prescribed application formats and submission mode can be downloaded from the official website: www.bida.co.in.

Interested firms may submit their complete applications in the prescribed format on or before 27/07/2026 at 5:00 PM. Applications received after the stipulated date and time shall not be considered. The EOI document is available on the official website: www.bida.co.in.

Chief Executive Officer
BIDA, Jhansi

कार्यालय उप महाप्रबन्धक (वि./वा.)
उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड,
पाली विपणन भवन नवादा (उत्तराखंड राज्य)
पत्रांक : उ.वि.बो./वि./वा./448 दिनांक : 09.07.2026

ई-निविदा सूचना (2nd call)

निम्न कार्य हेतु दि. 28.07.2026 को अपराह्न 03.00 बजे उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड, विद्युत/यांत्रिक खण्ड, 'अ' श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड, रूद्रपुर स्थित अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में Internal Electrification work in Proposed Organic Mandi (first floor) Haldwani के कार्य की ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विस्तृत विवरण दि. 10.07.2026 को दोपहर 12.00 बजे से e-Government Procurement System (GPS) portal i.e http//WWW.uktenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

उप महाप्रबन्धक (वि./वा.)

कार्यालय नगर निगम हरिद्वार

पत्रांकः 05/ब0नि0हरि0 (कु0मे0-2027)/2026-27 दिनांकः 08/07/2026

-: ई-निविदा सूचना :-

निविदा समिति द्वारा प्रदान किये गये अनुमोदन के क्रम में नगर निगम हरिद्वार द्वारा कुम्भ मेला-2027 में मेला क्षेत्रांतर्गत एस0डब्लू0एम0 के अंतर्गत कूड़ा उठान व परिवहन एवं साफ-सफाई आदि व्यवस्था हेतु (वाहन/मशीनरी क्रय) **Refuse Compactor 10 CUM (10 Nos) & Refuse Compactor 14 CUM (08 Nos)** क्रय किये जाने हेतु टू-बिड (तकनीकी एवं वित्तीय) प्रक्रिया के माध्यम से फर्म का चयन किये जाने हेतु **www.uktenders.gov.in** पर ई- निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना **www.uktenders.gov.in** से प्राप्त की जा सकती है।

S.No.	Scheduled/Information	Date	Time
1	Date of Online publication	09/07/2026	16:00
2	Document Download start Date	09/07/2026	16:30
3	Online Bid submission Start Date	23/07/2026	14:00
4	Pre bid meeting (Municipal Commissioner office Mela Office CCR)	17/07/2026	12:00
5	Online Bid submission End Date	03/08/2026	16:00
6	Offline Submission of Hard/Original copy of Document End date	03/08/2026	16:00
7	Bid opening Date	03/08/2026	17:00

उपरोक्त तिथियों में कोई भी संशोधन/ परिवर्तन मात्र **www.uktenders.gov.in** वेबसाईट पर ही **Publish** किया जायेगा।

नगर आयुक्त, नगर निगम हरिद्वार

यूको बैंक UCO BANK
(पहले सेवारत था उपयुक्त)
(A Govt. of India Undertaking)
Honours Your Trust

अचल कार्यालय : प्लॉट नं0 5, आईटी पार्क, सहस्त्रधारा रोड़, देहरादून, उत्तराखण्ड -248001

(नियम-8 (6)) अचल संपत्ति की बिक्री के लिए नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (सरफेसी) के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई नीलामी विक्रय नोटिस। आम लोगो को और विशेष रूप से उधार लेने वाले और ऋणियों एवं जमानतदारों को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का कब्जा यूको बैंक, प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को '' **जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है**'' के आधार पर **दिनांक 29.07.2026 को दोपहर 01:00 बजे से सांय 05:00 बजे (10 मिनट के असीमित स्वतः विस्तार सहित है)** ई नीलामी द्वारा निम्नलिखित ऋणी/बंधककर्ता/जमानदार के बकायों एवं ब्याज एवं खर्चों की वसूली हेतु विक्रय किया जायेगा। नीलामी प्रक्रिया का सम्पूर्ण विवरण नीचे दिया गया है:

क्र. सं.	ऋणी/गारंटर का नाम और पता	बंधक सम्पत्ति का विवरण	दिनांक एवं कब्जा का प्रकार	मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि	ई-नीलामी की दिनांक व समय	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बोली वृद्धि राशि
	शाखा : जसपुर (3055), जिला उधमसिंह नगर, उत्तराखण्ड					
1.	**ऋणी: मैसर्स श्री साई इंटरप्राइजेज, प्रोपराइटर:**— श्री राम किशोर सिंह पुत्र श्री बिहारी लाल, **रजि. कार्यालय:** विश्वकर्मा हाउस के सामने, मोहल्ला नत्थासिंह, वार्ड नंबर 2, जसपुर, जिला उधमसिंह नगर, उत्तराखंड-244712, **प्रोपराइटर:** श्री राम किशोर सिंह पुत्र श्री बिहारी लाल, **पता-** मोहल्ला नत्थासिंह, जसपुर, जिला-उधमसिंह नगर, उत्तराखंड-244712, **गारंटर :** श्री गोविंद सिंह पुत्र श्री राम किशोर सिंह, **पता-** मोहल्ला नत्थासिंह, जसपुर, जिला-उधमसिंह नगर, उत्तराखंड-244712।	**संपत्ति-1.** बंधक संपत्ति के सभी भाग व भूखण्ड जिसका खाता संख्या 16 मिन, जो ग्राम जसपुर, पट्टी मनसा, तहसील जसपुर, जिला-उधमसिंह नगर में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 83.66 वर्ग मीटर, बही न.-01, जिल्द/खंड-107, पृष्ठ 369-372, क्रमांक 1981, जो दिनांक 21.06.2012 सब-रजिस्ट्रार कार्यालय-जसपुर, तहसील-जसपुर जिला-उधमसिंह, उत्तराखंड में पंजीकृत है। **संपत्ति-2.** बंधक संपत्ति के सभी भाग व भूखण्ड जिसका खाता संख्या 15 मिन, जो ग्राम जसपुर, पट्टी मनसा, तहसील जसपुर, जिला-उधमसिंह नगर में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 149.72 वर्ग मीटर, बही न.-01, जिल्द/खंड-105, पृष्ठ 387-390, क्रमांक 1846, जो दिनांक 11.06.2012 सब-रजिस्ट्रार कार्यालय-जसपुर, तहसील-जसपुर जिला-उधमसिंह, उत्तराखंड में पंजीकृत है।	07.06.2022	रू0 4,99,934.00 +ब्याज दिनांक 01.12.2021 से और ज़ुल्क	29.07.2026 दोपहर 01:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक	**संपत्ति-1.** रू0 5,86,000/- रू0 58,600/- रू0 10,000/- **संपत्ति-2.** रू0 6,70,000/-
			सांकेतिक कब्जा			
			मांग सूचना की तिथि 30.11.2021			
			बोली जमा कराने की अंतिम दिनांक 29.07.2026 दोपहर 01 बजे से सायं 4:50 बजे तक			रू0 67,000/- रू0 10,000/-

संपत्ति निरीक्षण की तिथि और समय 24.07.2026 को प्रातः 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक कृपया श्री हिमांशु, शाखा प्रबन्धक, मो0- 9230503055 से सम्पर्क करें।

नियम एवं शर्तें:- 1. बिक्री प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 के नियम एवं शर्तों के अधीन होगी। पर उपलब्ध है। बिक्री से संबंधित नियमों व शर्तों की जानकारी दी गई वेबसाइड वेबपोर्टल: https://baanknet.com पर उपलब्ध है। 2. संपत्ति को '' **जैसा है जहां है**'' **तथा** '' **जैसा है जो भी है**'' '' **जो कुछ भी है**'' के आधार पर विक्रय किया जा रहा है। 3. प्रतिभूत संपत्तियों का उपरोक्त विवरण प्राधिकृत अधिकारी की उत्तम जानकारी के अनुसार दिया गया है लेकिन इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि, गलती या चूक के लिए प्राधिकृत अधिकारी उत्तरदायी नही होगा। 4. बिक्री अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा दी गई ई नीलामी प्लेटफार्म वेबसाईट https://baanknet.com के माध्यम से दिनांक 29.07.2026 को दोपहर: 01:00 बजे से शुरू होकर 5:00 बजे समाप्त होगी। 5. बैंक द्वारा नीलामी में स्वयं द्वारा भाग लेने या स्वयं की ओर से बोली लगाने हेतु प्रतिनिधि को नियुक्त करने के लिये स्वतंत्र है। 6. बोली लगाने से पहले संपत्ति और विनिर्देश के बारे में खुद का निरीक्षण और संतुष्ट करना बोलीदाताओं की जिम्मेदारी होगी। इच्छुक खरीदार 24.07.2026 को प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे के बीच संपत्ति का निरीक्षण कर सकते हैं।

दिनांक 09.07.2026 स्थान -जसपुर प्राधिकृत अधिकारी, यूको बैंक

कार्यालय नगर निगम, अजमेर
फोन न. 0145-2429953,2433813 Email- ajmermc@gmail.com

क्रमांक F.10/50/M/LIGHT/AMC/2026-27/1123 दिनांक 06.07.2026

ई-टेण्डरिंग-निविदा-सूचना

नगर निगम,अजमेर की ओर से केंद्र एवं राज्य सरकार में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत मैसर्स फर्म/संवेदक से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेन्ट प्रक्रिया से विद्युत शाखा द्वारा नगर निगम क्षेत्र में LED DISPLAY BOARD लगाने का कार्य हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है जो निम्नलिखित दिनांक अनुसार डाउनलोड तथा खोली जायेगी।

	कार्य का विवरण	निविदा राशि	अमानत राशि	निविदा शुल्क	प्रोसेसिंग फीस
1	नगर निगम क्षेत्र में LED DISPLAY BOARD लगाने का कार्य	18173382 रूपये	363468 रूपये	5000/- रू.	2000/- रू.

निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की दिनांक व समय	निविदा ऑनलाईन भरकर देने की दिनांक व समय	तकनिकी निविदा खोलने की दिनांक व समय
06.07.2026 सायं 6.00 बजे से प्रारम्भ	06.07.2026 सायं 6.00 बजे से 16.07.2026 सायं 6.00 बजे तक	17.07.2026 प्रातः 11.00 बजे
वित्तीय निविदा खोलने की दिनांक व समय	तकनिकी बिड के सफलतम निविदादाताओं को नेट के माध्यम से सूचित कर दिया जायेगा।	
निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की वेबसाईट	www.eproc.rajasthan.gov.in www.sppp.rajasthan.gov.in	

1. प्रोसेसिंग फीस / निविदा शुल्क/ बिड सिक्योरिटी राशी डी.डी. /बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक से मान्य नही होगी।
2. RTPP नियमानुसार बिड सिक्योरिटी राशी देय होगी।
3. शेष शर्तो की जानकरी निम्नलिखित वेबसाईट **www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती है।

NIB Code : ANN2627A0054 & UBN Code : ANN2627WSOB00076
राज.संवाद/सी/26/6587

राजकाज 30 S

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) से गुरुवार को लोक भवन में नीति आयोग के सदस्य डॉ. एम. श्रीनिवास ने भेंट कर कई मुद्दों पर चर्चा की। ● हिन्दुस्तान

स्वास्थ्य सूचकांकों में सुधार पर जोर

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) से गुरुवार को लोक भवन में नीति आयोग के सदस्य डॉ. एम. श्रीनिवास ने मुलाकात की। श्रीनिवास ने प्रदेश में स्वास्थ्य संबंधी सूचकांकों में सुधार, प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं तथा आपातकालीन और ट्रॉमा सेवाओं को और अधिक मजबूत करने पर जोर दिया। वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, भरसार (पौड़ी) के नवनियुक्त कुलपति डॉ. भगवती प्रसाद भट्ट ने भी राज्यपाल से मुलाकात की।

गुजरात की तर्ज पर बनेंगे आधुनिक बस पोर्ट

देहरादून। परिवहन मंत्री प्रदीप बत्रा गुजरात के दौरे पर हैं। उन्हें स्थानीय परिवहन अधिकारियों ने अहमदाबाद के गीता मंदिर और वडोदरा बस पोर्ट के बारे में जानकारी दी। यहां पर यात्रियों को हवाई अड्डे जैसी आधुनिक सुविधाएं दी जा रही हैं। बत्रा ने कहा कि उत्तराखंड के प्रमुख शहरों में भी आधुनिक बस पोर्ट विकसित किए जाएंगे। मंत्री ने रियल टाइम जीपीएस ट्रैकिंग प्रणाली, डिजिटल टिकटिंग ऐप और इलेक्ट्रिक बसों के सफल संचालन के तकनीकी ढांचे को भी समझा।

एसआईआर में लगे शिक्षक नहीं होंगे कार्यमुक्त

देहरादून। अटल स्कूलों में प्रवक्ता,एलटी पदों पर पदोन्नत शिक्षक एसआईआर ड्यूटी के चलते अभी कार्यमुक्त नहीं होंगे। शिक्षा निदेशालय के आदेश में कहा गया है कि ऐसे सभी शिक्षक, जो एसआईआर या जनगणना ड्यूटी में तैनात हैं, वे बिना संबंधित सक्षम अधिकारी की अनुमति के दूसरे स्कूल के लिए कार्यमुक्त नहीं होंगे। उन्हें एनओसी मिलने पर ही कार्यमुक्त किया जाएगा।

रानीबाग-भीमताल रोप-वे शुरू करने की मांग

देहरादून। आवास सलाहकार परिषद की उपाध्यक्ष भावना मेहरा ने गुरुवार को मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर रानीबाग-भीमताल रोप-वे परियोजना को जल्द शुरू करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुमाऊं क्षेत्र के प्रमुख पर्यटन स्थलों तक आवागमन को सुगम बनाने के लिए रोप-वे परियोजनाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

सब इंस्पेक्टर सीधी भर्ती नियमावली में संशोधन

देहरादून। सरकार ने सब इंस्पेक्टर (नागरिक पुलिस एवं अभिसूचना) सीधी भर्ती नियमावली में संशोधन किया है। अभिसूचना के अनुसार शैक्षणिक योग्यता, पात्रता, शारीरिक मापदंड, दक्षता परीक्षण, चयन प्रक्रिया और परीक्षा प्रणाली को अद्यतन व अधिक स्पष्ट बनाया गया है। विभिन्न श्रेणियों के पदों के लिए सेवा शर्तों और पात्रता मानकों में भी बदलाव किए गए हैं। सरकार का दावा है कि नई नियमावली से भर्ती प्रक्रिया अधिक पारदर्शी होगी और योग्य अभ्यर्थियों का चयन आसान होगा।

डीएलएड प्रशिक्षित 12 को निकालेंगे रैली

देहरादून। प्राथमिक शिक्षक भर्ती को लेकर डीएलएड प्रशिक्षित बेरोजगार 12 जुलाई को देहरादून में रैली निकालेंगे। संगठन का दावा है कि विभागीय स्तर पर रिक्त पदों की स्थिति तक उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। ऐसे में वह रविवार 12 जुलाई को सुबह आठ बजे गांधी पार्क से शिक्षा मंत्री आवास के लिए कूच कर जल्द भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की मांग रखेंगे।

वीआईपी परेड करा रही कांग्रेस: भाजपा

देहरादून। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने कहा कि कांग्रेस गुटबाजी को थामने के लिए राज्य में वीआईपी परेड करा रही है। गुरुवार को कांग्रेस महासचिव के दौरे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए चौहान ने कहा कि कांग्रेस के वीआईपी नेताओं का मकसद राज्य में कार्यकर्ताओं से संवाद करना नहीं है, बल्कि पार्टी में चल रहे घमासान को साधने की कोशिश है।

सुधरेगी गरुड़ गंगा और पश्चिमी नयार की सेहत

देहरादून। नदी एवं जल स्रोत पुनर्जीवन प्राधिकरण ने बागेश्वर की गरुड़ गंगा और पौड़ी की पश्चिमी नयार नदी के संरक्षण व पुनर्जीवन के लिए 60 करोड़ का प्रोजेक्ट मंजूर कर दिया है। गुरूवार को सचिवालय में मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय हुआ। गरुड़ गंगा के लिए 12 करोड़ और पौड़ी की पश्चिमी नयार नदी के लिए 48 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट को मंजूरी मिली है।

एससीईआरटी की डिजिटल पहल टॉप-6 में

देहरादून। शिक्षा विभाग ने वैश्विक मंच पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) की 'बिल्डिंग एयूथर-रेडी टीचर थ्रो एआई' परियोजना को यूनेस्को के 'एआई फॉर एजुकेशन अवार्ड-2026' के तहत विश्व की शीर्ष छह परियोजनाओं में शामिल किया गया है। रिसर्चलैंड के जिनेवा में आयोजित 'एआई फॉर गुड ग्लोबल समिट' में इसकी घोषणा की गई।

घायलों को अस्पताल पहुंचाने पर 25 हजार का पुरस्कार



देहरादून, मुख्य संवाददाता। सड़क दुर्घटना के दौरान यदि कोई व्यक्ति घायलों को अस्पताल पहुंचाता है तो उसे 25 हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। घायलों की मदद के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए यह व्यवस्था बनाई गई है। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. सुनीता टम्टा ने बताया कि किसी घायल को दुर्घटना के तत्काल बाद अस्पताल पहुंचा दिया जाए, तो उसके बचने की उम्मीद काफी अधिक होती है। ऐसे में घायलों की मदद करने वालों को चिह्नित कर नकद इनाम देने पर जोर दिया जा रहा है। मदद करने वाले एक से अधिक लोग हुए तो पुरस्कार राशि बांटने की व्यवस्था है। विदित है कि राज्य में हर साल एक हजार से 1500 तक सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। ऐसे में यह पुरस्कार राशि बड़ी संख्या में लोगों को मदद पहुंचा सकती है।

गोल्डन ऑवर में डेढ़ लाख का निशुल्क इलाज

सड़क दुर्घटना के घायलों को गोल्डन ऑवर में उत्तराखंड के सभी सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों में घायल के डेढ़ लाख रुपये तक के निशुल्क इलाज की व्यवस्था है।

'योजनाओं का लाभ लेने में लोगों को न हो परेशानी'

देहरादून, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य में बैंकों से आम आदमी को उसकी जरूरत के वक्त आसानी से लोन मिलना चाहिए।

गुरुवार को सचिवालय में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) की 97वीं बैठक में समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने बागेश्वर, पौड़ी, अल्मोड़ा, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़ और टिहरी में कम ऋण-जमा अनुपात पर नाराजगी भी जाहिर की। कहा कि इन जिलों में बैंकर्स नियमित रूप से शिविर लगाएं।

मुख्यमंत्री ने कुछ क्षेत्रों में उपलब्धियों के लिए बैंकर्स की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025-26 में वार्षिक ऋण योजना के तहत लगभग 96 प्रतिशत उपलब्धि सराहनीय है। मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने कहा कि साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए हेल्पलाइन नंबर 1930 से भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी), आईसीआईसीआई बैंक तथा एचडीएफसी बैंक के प्रतिनिधियों को भी जोड़ा जाए। इससे साइबर ठगी से संबंधित मामलों में त्वरित कार्रवाई की जा सकेगी।